दिन– गुरूवार दिनांक– 04 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार में जमुई से लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए के प्रचार की शुरूआत करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। पूर्व सांसद पप्पू यादव पूर्णिया से करेंगे नामांकन।

03. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत– नेपाल सीमा की विभिन्न चौकियों पर दोनों देशों की पुलिस, सशस्त्र बल और खुफिया एजेंसियां संयुक्त निगरानी करेंगी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जमुई से बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए के प्रचार की औपचारिक शुरूआत करेंगे। श्री मोदी जमुई जिले के खैरा ब्लॉक के बल्लोपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। एनडीए के बीच सीटों के बटवारे की घोषणा के बाद बिहार में प्रधानमंत्री की यह पहली राजनीतिक सभा होगी। जनता दल युनाइटेड अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नितीश कुमार, भाजपा, लोकजनशक्ति पार्टी– रामविलास, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माझी के हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता भी रैली में शामिल होंगे। चिराग पासवान के नेतृत्व में लोकजनशक्ति पार्टी– रामविलास तीसरी बार जमुई से चुनाव लड़ रही है। चिराग पासवान ने अपने जीजा अरूण भारती को मैदान में उतारा है। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नवादा में भी चुनावी सभा का कार्यक्रम तय हो गया है। श्री मोदी सात अप्रैल को नवादा से एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, औरंगाबाद सीट के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह छह अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जमुई, गया, औरंगाबाद और नवादा लोकसभा क्षेत्र में आम चुनाव के पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने की आज अंतिम तिथि है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक इन सीटों के लिए कुल सैंतीस उम्मीदवारों ने पर्चे भरे हैं। कल जिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये, उनमें पूर्णियां से राजद की बीमा भारती, कटिहार से कांग्रेस के तारिक अनवर, बांका से जदूय उम्मीदवार गिरधारी यादव और किशनगंज संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के मोहम्मद जावेद प्रमुख हैं। किशनगंज से एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने भी अपना पर्चा भरा। इधर, पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता पप्पू यादव आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे। श्री यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे के तहत पूर्णियां संसदीय सीट राजद के खाते में आयी है, लेकिन पप्पू यादव भी इस सीट से चुनाव लड़ने पर अडिग हैं। इस चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल होगी। वहीं, उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————

गया संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। नामांकन वापस लेने के बाद इस सीट पर अब केवल चौदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

———बाईट———

गया लोकसभा सुरक्षित सीट पर चुनाव में 18 लाख से अधिक मतदाता इस बार 14 लाख प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 67 हजार से अधिक है। एनडीए में सीटों के समझौते के चलते इस बार जदयू की ये सीट हिन्दुस्तानी अवामी मोर्चा के खाते में चली गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जदयू के विजय मांझी ने यहां से जीत हासिल की थी। 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में असफल रहने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तीसरी बार हिन्दुस्तानी अवामी मोर्चा की टिकट पर यहां से किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार कुमार सर्वजीत बोधगया निर्वाचन क्षेत्र के मौजूदा विधायक भी हैं, वो पिछली सरकार में कृषि मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी ने यहां से सुषमा कुमारी को प्रत्याशी बनाया है। गया संसदीय क्षेत्र के कई हिस्से नक्सल प्रभावित हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की ओर से क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय तीर्थस्थल होने के बावजूद क्षेत्रीय असमानता, गरीबी, शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या, बेरोजगारी और पिछड़ापन इस बार चुनाव के प्रमुख मुद्दे हैं। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————

भोजपुर जिले के आरा में कृषि भवन के पास ईवीएम गोदाम में ड्यूटी पर तैनात सिपाही हेमंत कुमार के आत्म हत्या के मामले में दो पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। चुनाव आयोग ने आरा सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, मादक पदार्थ और हथियारों की आवाजाही रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है। कानून–व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक में आयोग ने ये निर्देश दिये।

---

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत– नेपाल सीमा पर सुरक्षा के लिए दोनों देशों की पुलिस, सशस्त्र बल और खुफिया एजेंसियों की बैठक पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में आयोजित की गयी। बैठक में भारत की एक सौ चौरानवे और नेपाल की एक सौ पंचानवे चौकीयों पर संयुक्त निगरानी का निर्णय लिया गया। साथ ही जाली नोट, नशीले पदार्थ और अपराधियों की आवाजाही पर भी कड़ी नजर रखने पर सहमति बनी। गौरतलब है कि पड़ोसी देश नेपाल से सटे बिहार सीमा क्षेत्र में तीन अलग–अलग चरणों में चुनाव होना है।

---

औरंगाबाद में मतदान को लेकर मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारत स्काउट और गाइड से जुड़े छात्र–छात्राओं ने इस सिलसिले में जागरूकता रैली निकाली गयी। वहीं, पिछले चुनाव के दौरान अत्यंत कम मतदान वाले बूथों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इधर, बेगूसराय में बाल विकास परियोजना के अंतगर्त कम प्रतिशत मतदान वाले क्षेत्र में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

---

लोकसभा चुनाव के दौरान होने वाले दौरों और वर्तमान खतरों को देखते हुए राज्य सरकार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और तारकिशोर प्रसाद की सुरक्षा बढ़ा दी है। इन दोनों नेताओं को वाई–पल्स श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन के लिए केंद्रीय डेटाबेस बनाने पर जोर दिया। इस संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक में श्री मांडाविया ने लोगों को लू से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने की सलाह दी।

———बाईट———

हीट वेब की संभावना इस साल ज्यादा है। इस वर्ष में जब आप इलेक्शन की कैंपेन करेंगे, मेरा सुझाव है कि आप पानी पीते रहिए। किसान हो, खेत में काम करने वाले मजदूर हों, कन्स्ट्रक्शन या और टाइप के जो काम करते हैं सभी मजदूर वर्ग के लिए, मेरा सुझाव है कि आप साथ में पानी रखें, समय—समय पर जूस भी ले सकते हैं, लेमन वाटर भी ले सकते हो, सीजनल फ्रूट भी ले सकते हो, आप प्रोक्योरेशन रखेंगे तो हम हीट स्ट्रोक से बच सकते हैं, कोई जगह पे किसी को हीट स्ट्रोक लगे, तो तुरंत ही सबसे नजदीक आयुष्मान आरोग्य मंदिर है, उस पर भी संपर्क आप कर सकते हो।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री के आस—पास पहुंच गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार अगले तीन दिन में राज्य के तापमान में तीन से चार डिग्री तक की वृद्धि होगी। वहीं, अगले दो दिनों के दौरान हवा की गति पन्द्रह से बीस किलोमीटर प्रतिघंटे तथा झोंके के साथ पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहने की सम्भावना है। इस बीच, मौसम विभाग ने सात और आठ अप्रैल को पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, गया, नवादा, बांका और जमुई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है।

———————————————————————

रेलवे ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पांच जोड़ी रेलगाड़ियों का मध्य प्रदेश के मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव प्रदान किया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह ठहराव नौ अप्रैल से तेईस अप्रैल तक पांच मिनट के लिए दिया गया है। इनमें मुजफ्फरपुर—बलसाड एक्सप्रेस, रक्सौल—लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, पूर्णा जंक्शन—पटना एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस —पटना एक्सप्रेस शामिल हैं। इधर, होली के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर से रानी कमलापति के लिए एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया

जाएगा। यह स्पेशल ट्रेन छह अप्रैल को मुजफ्फरपुर से रात आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रस्थान करेगी।

---

जेईई मेन के दूसरे चरण की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। दोनों चरणों की परीक्षा में लगभग ढाई लाख अभ्यर्थी जेईई एडवांस में शामिल होंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से यह परीक्षा चार, पांच, छह, आठ और नौ अप्रैल को आयोजित की जा रही है।

---

नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंश स्टैंडर्ड–एनक्यूएएस के तहत प्रदेश के चौबीस स्वास्थ्य केन्द्रों को राज्य स्तरीय प्रमाणित किया गया है। इसके तहत दस स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस प्रमाणिकरण के तहत रैकिंग दी गयी है। इनमें बांका, खगड़िया, सीतामढ़ी, सहरसा और बेगूसराय के जिला और कई अन्य अस्पताल शामिल हैं।

---

पटना स्थित बिहार संग्रहालय में आज से दक्षिण एशियाई पुरातत्व समिति का अंतरराष्ट्रीय महा–सम्मेलन शुरू हो रहा है। बिहार संग्रहालय और कला संस्कृति तथा युवा विभाग के पुरातत्व निदेशालय की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में पुरातत्तव विशेषज्ञों समेत देश–विदेश के करीब तीन सौ अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। यह सम्मेलन सात अप्रैल तक चलेगा।

---

कटिहार जिले के सेमापुर ओपी थाना क्षेत्र के बैसा गोविंदपुर पंचायत के सहारिया गांव में अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गये। इस घटना में एक बच्ची समेत कई मवेशियों की मौत हो गयी। इधर, अरवल जिले के कलेर प्रखंड अंतर्गत सात घरों में अगलगी की घटना में लाखों रुपए की संपत्ति नष्ट होने के साथ ही तीन मवेशियों की झुलसने से मौत हो गयी।

---

पटना में संपन्न तैंतीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप के खिताब पर हरियाण की टीम ने कब्जा जमाया है। फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने राजस्थान को पैंतीस–तैंतीस से पराजित किया।

वहीं, उत्तर प्रदेश के नोयडा में आयोजित राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में बिहार के दृष्टिहीन मुन्ना साह ने दो स्वर्ण पदक समेत तीन पदक जीते हैं। राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए मुन्ना साह ने पचास मीटर बैक स्ट्रोक और सौ मीटर फ्री–स्टाईल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

बेगूसराय में आयोजित बावनवीं सीनियर्स हैंडबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला आज मेजबान बिहार और दिल्ली के बीच खेला जाएगा।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– दो हजार चौबीस के चुनाव में मोदी चालीस सीटों पर सोलह सभाएं करेंगे, शाह तेईस बार बिहार आयेंगे।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– सुशील मोदी बीमार, कहा– कैंसर के कारण लोकसभा चुनाव में कुछ नहीं कर पाऊंगा।

**आज** अखबार का शीर्षक है– घर–घर गारंटी अभियान से कांग्रेस ने शुरू किया चुनाव प्रचार।

**हिन्दुस्तान** की प्रमुख खबर है– पटना साईंस सिटी में अंतरिक्ष और रोबोट से रूबरू होंगे बच्चे। अखबार लिखता है– पटना साईंस सिटी में लंदन साईंस म्यूजियम से भी बेहतर सुविधाएं होंगी।

**दैनिक जागरण** लिखता है– अप्रैल में भीषण गर्मी का पूर्वानुमान, फिर भी विद्यालयों को प्रातः कालीन करने पर रोक।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार में जमुई से लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए के प्रचार की शुरूआत करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। पूर्व सांसद पप्पू यादव पूर्णिया से करेंगे नामांकन।

03. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत– नेपाल सीमा की विभिन्न चौकियों पर दोनों देशों की पुलिस, सशस्त्र बल और खुफिया एजेंसियां संयुक्त निगरानी करेंगी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।